हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 13 फरवरी 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 ब्रह्मकुमारीज आश्रम द्वारा निकाली भगवान ...



07 महाशिवरात्रि मेला को सर्व सुलभ बनाने के प्रशासनिक...



## खबर संक्षेप

### बंदी को प्री-मैच्योर डिलीवरी 10 घंटे बाद नवजात की मौत

**नर्मदापुरम।** केंद्रीय जेल में हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रही महिला बंदी ने मंगलवार सुबह अस्पताल ले जाते समय जेल वाहन में ही एक बच्ची को जन्म दिया। प्री-मैच्योर जन्मी नवजात की अस्पताल में भर्ती के लगभग 10 घंटे बाद मौत हो गई। मामला जेल अभिरक्षा से जुड़ा होने के कारण न्यायिक जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार महिला और उसका पति 16 अगस्त 2017 से हत्या के अपराध में सजा काट रहे हैं। दोनों 6 अगस्त से 21 अगस्त 2025 तक पैरोल पर बाहर थे। इसी दौरान महिला गर्भवती हुई। जेल द्वारा नियमित मेडिकल जांच के दौरान टारगेट सोनोग्राफी में भ्रूण में मानसिक विकृति पाई गई थी। राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद महिला को एक सप्ताह पहले भोपाल से नर्मदापुरम जेल लाया गया था। मंगलवार को अचानक प्रसव पीड़ा होने पर उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने बच्ची को जन्म दे दिया। मां और नवजात को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देर शाम बच्ची ने दम तोड़ दिया। नवजात जेल अभिरक्षा में होने के कारण तहसीलदार सरिता मालवीय की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। तहसीलदार सरिता मालवीय का कहना है कि जिला चिकित्सालय में बंदी के नवजात शिशु की मौत हो गई है जिसकी न्यायायिक जांच की जा रही है। महिला शिशु का पोस्टमार्टम डॉक्टरों द्वारा किया गया है।

### तीनों सिवनी मालवा के रहवासी थे, एक ही बाईक पर सवार थे

# कीर ढाबे के पास पुलिया से नीचे गिरे तीन युवकों की मौके पर मौत

तहसील के ग्राम हथनापुर के पास कीर ढाबे के समीप गुरुवार सुबह तीन युवकों के शव पुलिया के नीचे पड़े मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी मालवा

तहसील अंतर्गत ग्राम हथनापुर के पास स्थित कीर ढाबे के समीप गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब पुलिया के नीचे तीन युवकों के शव पड़े मिले। सुबह-सुबह क्षेत्र से गुजर रहे ग्रामीणों ने पुलिया के नीचे एक दोपहिया वाहन और तीन लोगों को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। आशंका होने पर तत्काल डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पर पदस्थ आरक्षक मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी सिवनी मालवा थाना पुलिस को दी।




**आशंका जताई जा रही है कि तीनों युवक एक ही बाईक पर सवार थे**

बताया जा रहा है कि तीनों एक ही बाइक पर सवार थे और पुलिया से नीचे गिर गए। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि संबंधित पुलिया की ऊंचाई लगभग 8 फीट है तथा वहां सुरक्षा के लिए रेलिंग नहीं लगी हुई है। प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है, हालांकि युवक नशे की हालत में थे या नहीं, इसका स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा कर कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक किस दिशा से आ रहे थे और दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

#### हादसे की खबर फैलते ही क्षेत्र में मच गया हड़कंप

घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। ग्राम पंचायत चौतलाय के सरपंच रामजीवन साध ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है।

संभवतः देर रात के समय तीनों युवक दोपहिया वाहन सहित पुलिया से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना इतनी गंभीर रही होगी कि किसी को संभलने का अवसर नहीं मिला। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद मृतकों की पहचान नितिन रैकवार 26 वर्ष, राहुल जाट 35 वर्ष और राकेश गौर 35 वर्ष के रूप में हुई है। तीनों सिवनी मालवा के निवासी थे। नितिन पुताई का कार्य करता था, राहुल खेती-बाड़ी से जुड़ा हुआ था, जबकि राकेश गौर ऑटो चालक था।

#### दो दिनों में छह मौतें...

नर्मदापुरम से एक और 'सामान्य' खबर आई है। सामान्य इसलिए, क्योंकि अब सड़क हादसे असामान्य रहे ही कहां हैं? सिवनी मालवा के ग्राम हथनापुर में कीर ढाबे के पास पुलिया के नीचे तीन युवकों के शव मिले, दो पहिया वाहन समेत। सनसनी फैल गई। थोड़ी देर के लिए, फिर सब सामान्य हो गया।

कहा जा रहा है- गाड़ी तेज रफ्तार रही होगी। युवाओं में लापरवाही बढ़ गई है। हेलमेट क्यों नहीं पहना था। पर यह कोई नहीं पूछेगा कि उस पुलिया पर चेतावनी संकेत थे या नहीं। सड़क की हालत कैसी थीं। रोशनी थी या नहीं। स्पीड कंट्रोल के उपाय थे या नहीं।

क्योंकि सवाल सिस्टम से पूछना असुविधाजनक होता है। जिले में सड़क हादसों में दो दिनों में छह मौतें। लेकिन चिंता मत कीजिए, फाइल बनेगी। जांच बैठेगी। रिपोर्ट आएगी। और फिर वहीं सड़क, वहीं रफ्तार, वहीं खामोशी। हमारा सिस्टम बहुत संवेदनशील है, हादसे के बाद श्रद्धांजलि देने में कभी देर नहीं करता। बस हादसे रोकने में थोड़ा सुस्त है। हर बार कहा जाता है-'जागरूक बनिए। जैसे सड़कें नहीं, केवल नागरिक जिम्मेदार हों। जैसे पुलिया के नीचे गिरने से पहले युवक ट्रैफिक प्लानिंग की कमी पर विचार कर लेते। तीन घरों के आंगन सूने हो गए। लेकिन चिंता मत कीजिए, आंकड़ों में सब समा जाएगा। एक और संख्या जुड़ जाएगी सड़क दुर्घटना के कॉलम में और कहा जाएगा- हम लगातार प्रयासरत हैं। शायद सच यही है :-हमारी सड़कों पर रफ्तार से ज्यादा तेज अगर कुछ दौड़ रहा है, तो वह है लापरवाही? और जब तक जिम्मेदारी की रफ्तार नहीं बढ़ेगी, तब तक पुलिया के नीचे सिर्फ वाहन नहीं, सपने भी गिरते रहेंगे।

# अवैध वन्य जीव व्यापार में दोषियों को 4-4 साल सजा

### 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी फिरोज खान की अदालत ने आदिन सिंह उर्फ कल्ला , पुजारी सिंह एवं रिंडिक टेरोन्पी को वन्यप्राणी(संरक्षण) अधिनियम, की धारा में 4-4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25-25 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। आरोपी द्वारा जुर्माना अदा न करने पर व्यक्तिक्रम रूप से 6-6 माह का सश्रम कारावास पृथक रूप से भुगताया जाएगा।

उप निदेशक लोक अभियोजन संचालनालय नर्मदापुरम गोविंद शाह ने बताया कि 17 अगस्त 2023 को वन्यप्राणी मुख्यालय मप्र भोपाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घुम्मकड़ प्रजाति (बाबरिया समाज) के कुछ लोग सागर एवं विदिशा जिलों में वन्यप्राणी के अव्यवों का अवैध व्यापार कर रहे है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी अधिकारी स्टेट टाईगर स्ट्राईक फोर्स म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 211 17 अगस्त 2023 के द्वारा दल गठित किया गया। 18 अगस्त 23 को वन्यप्राणी बाघ/पैंगोलिन के अवैध व्यापार करने वाले व्यक्ति की पुख्ता सूचना मिलने पर गठित दल त्वरित कार्यवाही हेतु रवाना हुआ। गठित दल मुखबिर की सूचना के अनुसार ग्यारसपुर बायपास तिराहा के पास जिला विदिशा पहुंचा। ग्यारसपुर बायपास तिराहा के पास मुखबिर के बताए हुलिया अनुसार एक व्यक्ति बैग बेचता हुआ दिखाई दिया। नाम एवं पता पूछने पर उसने नाम आदिन सिंह उर्फ कल्ला बाबरिया निवासी ग्राम श्रीहपुर थाना/तहसील दसुआ जिला ग्यारसपुर पंजाब बताया।

आदिन सिंह के पास कपड़े के 7 नग बैग थे, जॉच करने पर 6 नग बैग खाली एवं 1 बैग(गुलाबी गाजरी रंग) के अंदर वन्यप्राणी पैंगोलिन के 5 नग स्केल्स (शल्क) अवैध रूप से पाये गये। आरोपी के गले में काले धागे में लाल कपड़े में सिला हुआ एक ताबीज था। कपड़े के ताबीज खोलने पर वन्यप्राणी बाघ का 1 नग नाखून एवं बाघ की मूंछ के 2 नग बाल। मौके पर नापजोख की कार्यवाही कर जप्ती की कार्यवाही की गई। मौके 01 नग मोबाईल आरोपी के पास से जप्त हुआ। आरोपीगण के विरूद्ध म.प्र. राज्य द्वारा टाइगर स्ट्राइक फोर्स नर्मदापुरम द्वारा की गई व प्रकरण में शासन की ओर से सशक्त पैरवी श अरूण कुमार पठारिया, विशेष लोक अभियोजक की गई।

# नपा के अतिक्रमण दल द्वारा अतिक्रमण पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नगरपालिका के अतिक्रमण दल द्वारा गुरूवार को नगर के चिह्नित स्थानों पर यातायात सुगम बनाने के लिए जबर्दस्त कार्रवाई की गई है। जिसमें प्रमुख रूप से सतरस्ता, होमसाइंस कालेज से लेकर नेहरू पार्क तक सड़क पर किए गए अतिक्रमण और ठेलों को हटाया गया। कोरीघाट से टप को जब्त किया गया है।

अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में अतिक्रमण पर कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को सतरस्ते से ठेलों को हटाकर उन्हें निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया गया। कोरीघाट पर अवैध रूप से रखे टाप को जब्त किया गया है। इसके साथ ही होमसाइंस कालेज से लेकर नेहरू पार्क तक मटकों की दुकान लगाने वालों को हटाया गया है, उन्हें व्यवस्थित किया गया है। सुनील राजपूत ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई कि अब दोबारा सड़क जाम की तो सामग्री जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व शाखा की टीम में दाताराम सगर, हरिश गोस्वामी, नीतेश गौर, अनिल बघेल आदि उपस्थित थे।

# कमिश्नर ने किसानों के बीच पहुंचकर लिया नहर और फसल का फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने रतवाडा गांव में मूंग फसल, नहर सिंचाई और नरवाई प्रबंधन पर किसानों से जानकारी ली। उन्होंने टेल एरिया तक नहर का पूरा फ्लो सुनिश्चित करने और मूंग की बजाय कम पानी वाली अन्य फसल लगाने की सलाह दी।



ग्राम रतवाडा में कृषकों ने कमिश्नर को अवगत कराया की मूंग की फसल कम अवधि की है जो किसानों के लिए फायदेमंद है, वहीं अन्य फसल या उड़द की फसल का क्राफ्ट टाइम 60 से 70 दिनों का है इसलिए वे मूंग की फसल लगाते हैं। कमिश्नर ने किसानों को समझाइश दी कि मूंग की फसल लगाने से पहले किसान अपने खेतों को साफ करने एवं नरवाई को हटाने के लिए अत्यधिक मात्रा में सफाया का उपयोग करते हैं जो की जमीन के लिए हानिकारक है इससे जमीन के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। इसे नहीं रोका गया तो आने वाले समय में जमीन अनु उपजाऊ हो जाएगी और मूंग की फसल में अत्यधिक कीटनाशकों का प्रयोग होने के कारण मूंग हानिकारक हो जाता है। कमिश्नर ने तवा की मुख्य नहरों से खेतों की सिंचाई के लिए मिलने वाले पानी की स्थिति की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि बाकी जगह तो नहर से पानी मिल रहा है लेकिन टेल एरिया में अभी तक नहर से पानी नहीं पहुंच पाया है। नहर का फ्लो कम होने के कारण टेल तक पानी पहुंचने में अत्यधिक समय लगता है। कमिश्नर ने सभी किसानों की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुनकर जल संसाधन विभाग के ईई अंकित श्रॉफ एवं राजश्री कटारे को निर्देश दिए कि वह नहर को पूरे फ्लो से चलाएं। नहर का पानी टेल एरिया तक पहुंचे और सभी किसानों को वो चाहे वह नीचे वाले किसान हो चाहे टेल एरिया के किसान हो सभी को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिले।

#### किसान मूंग की बजाय अन्य फसल लगाएं

कमिश्नर ने किसानों को समझाइश दी कि वह मूंग की बजाय कोई अन्य कम पानी वाली फसल लगाए ताकि इस अवधि में मिलने वाले समय से नहर की मरम्मत एवं साफ सफाई तथा रखरखाव का कार्य किया जा सके। कमिश्नर ने कहा कि वर्तमान में नहर की मरम्मत एवं साफ सफाई के कार्य के लिए समय नहीं मिल पा रहा है क्योंकि मूंग की फसल मैं सिंचाई के लिए नहर से पानी छोड़ा जाता है।

उन्होंने कहा कि यदि नहर की मरम्मत एवं साफ सफाई नहीं हुई तो आने वाले समय में नहर का रखरखाव एवं नहर को सुरक्षित रखना मुश्किल हो जाएगा। इस दौरान किसानों ने भावांतर योजना की सराहना की। भावांतर योजना की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सोयाबीन की फसल भावांतर के तहत मंडी में बेची है जिससे उनको अच्छा रेट मिला।

# विंध्यवासिनी में कथक नृत्य, लोक नृत्य और गायन कार्यशाला का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

विंध्यवासिनी हायर सेकेंडरी स्कूल, मालाखेड़ी में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के रैपर्टरी अनुदान अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय कथक नृत्य, लोकनृत्य एवं गायन कार्यशाला का भव्य समापन हुआ। यह कार्यशाला साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति द्वारा विद्यालय के विशेष सहयोग से आयोजित की गई। साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति के सचिव रत्नेश साहू ने बताया कि कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं को शास्त्रीय नृत्य कथक की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों ने हस्त मुद्राओं, भाव-भंगिमाओं,



अभिव्यक्ति शैली तथा मंच प्रस्तुति के विभिन्न आयामों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

साथ ही लोकनृत्य एवं गायन की पारंपरिक विधाओं की भी जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर त्रिदेवाशीष नृत्य एवं नाट्य एकेडमी, लखनऊ से आमंत्रित प्रशिक्षक तनुजा ओली सनवाल, नीलम जोशी एवं निकिता गोस्वामी ने अपनी विशेषज्ञता से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया और समापन समारोह में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

# मुस्कान विशेष अभियान में 43 नाबालिग सुरक्षित घर पहुंचाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

पुलिस का 'मुस्कान अभियान' नाबालिग बच्चों के लापता होने से परेशान माता-पिता के लिए आशा की किरण बनकर उभरा। यह पहल उन परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जिनके बच्चे घर से लापता हो गए थे और जो निराशा और बेचैनी में दिन-रात तड़प रहे थे। अभियान के तहत पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए बच्चों को सुरक्षित घर वापस लाने में सफलता पाई, जिससे न केवल माता-पिता की चिंता दूर हुई, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक संदेश गया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। यह अभियान पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में 01 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक चला। मुस्कान विशेष अभियान के तहत नर्मदापुरम पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की और नर्मदापुरम जिला प्रदेश में नाबालिग दस्तयाबी के मामले में तीसरे स्थान पर रहा। पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश ने जिले की इस कार्यवाही की सराहना की और इसे नाबालिग सुरक्षा में उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अभियान का उद्देश्य गुम और लापता नाबालिग बालक-बालिकाओं की सुरक्षित दस्तयाबी सुनिश्चित करना था। जिले के समस्त थाना प्रभारी अभियान को गंभीरता से लागू करने के लिए निर्देशित किए गए थे। अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और जिले स्तर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में सायबर सेल की वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करते हुए पुलिस ने संगठित और प्रभावी प्रयास किए। कुल 43 नाबालिगों को सुरक्षित रूप से परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिनमें 37 बालिकाएं और 6 बालक शामिल हैं। थाना स्टेशन रोड, पिपरिया 1 बालिका महाराष्ट्र, जिला बीड थाना केसला, 2 बालिकाएं कर्नाटक और पंजाब थाना इटारसी,1 बालिका हरियाणा, जिला गुरुग्राम थाना कोतवालीः 1 बालिका पंजाब, अमृतसर आदि शामिल हैं।


### आज काले महादेव का पंचोपचार अभिषेक व उमा महेश श्रृंगार होगा

# आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाहोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर परिसर में चल रही पारंपरिक रस्मों और विशेष श्रृंगार ने आध्यात्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। गुरुवार को श्री काले महादेव का सुगंधित दिव्य-द्रव्यों से अभिषेक कर आकर्षक मनमहेश श्रृंगार किया गया। भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पूजन-अर्चन किया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। विवाहोत्सव की आगे की कड़ियों में शुक्रवार और शनिवार को पारंपरिक हल्दी रस्में निभाई जाएंगी।

इसके साथ ही उमा महेश श्रृंगार एवं पंचोपचार अभिषेक संपन्न होंगे, जो शिव-पार्वती विवाह की



पौराणिक परंपराओं को जीवंत करेंगे।

#### 15 फरवरी को विशेष आयोजन

विवाहोत्सव का मुख्य आकर्षण 15 फरवरी को रहेगा। प्रातः 4 बजे उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर श्री काले महादेव की भव्य भस्म आरती आयोजित की जाएगी। यह आरती श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। इसी दिन शाम 4 बजे भव्य श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें भगवान को अलौकिक स्वरूप में सजाया जाएगा। साथ ही नगर में शाही सवारी निकाली जाएगी, जिसमें भक्तजन भक्ति और उत्साह के साथ शामिल होंगे। वहीं रात्रि 10:30 बजे महापूजन होगा। आस्था और परंपरा के इस अद्भुत संगम में पूरा नगर शिवमय होने जा रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# सोहागपुर पहुंचे मप्र तैलिक साहू सभा प्रदेश अध्यक्ष, समाजजनों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू निवासी भोपाल गुरुवार को सपत्नीक अल्प प्रवास पर सोहागपुर पहुंचे। जहां वरिष्ठ व्यापारी महेश साहू के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत साहू समाज सोहागपुर की ओर से किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के सहयोगी मदन लाल साहू भोपाल का भी साहू समाज सोहागपुर ने शाल एवं श्रीफल से स्वागत किया।

इस दौरान मिश्रीलाल साहू पूर्व जिला अध्यक्ष साहू समाज नर्मदापुरम्, महेश कुमार साहू पूर्व जिला अध्यक्ष मप्र तैलिक साहू सभा नर्मदापुरम्,



प्रवीण साहू पूर्व युवा जिला अध्यक्ष मप्र तैलिक साहू सभा एवं दीपक साहू डायरेक्टर सन फ्लॉवर स्कूल सोहागपुर ने अतिथियों का सम्मान किया।

#### होगा संगठन विस्तार

भेंट दौरान समाज प्रदेश अध्यक्ष, अतिथियों व सोहागपुर साहू समाज के नागरिकों के बीच चर्चा हुई। चर्चा में साहू समाज के हित में किए जा रहे कार्यों पर विचार किया गया। इसके अलावा आगामी योजनाओं एवं संगठन के विस्तार पर लंबी चर्चा हुई। संगठन के विस्तार में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व पर भी चर्चा की गई। संगठन प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने शीघ्र ही सोहागपुर में वृहद आयोजन करने एवं उसमें उपस्थित होने का भी आश्वासन दिया।

### जनसुनवाई में हो रहा समस्याओं का समाधान



**नर्मदापुरम।** नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में नपा में जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आज कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी द्वारा नगरपालिका में जनसुनवाई की गई। जिसमें पीएम आवास योजना, नाली निर्माण, राशन कार्ड समर्पण, पेयजल संबंधी समस्याओं के आवेदनों का तत्काल प्रभाव से समाधान किया गया। श्री सोनी ने बताया कि जनसुनवाई में छोटी छोटी समस्याएं आई थी उनका समाधान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### तमिलनाडु के रिटायर्ड डीजीएम की बैतूल में मौत

**बैतूल।** तमिलनाडु से एमपी के उज्जैन में दर्शन करके आ रहे बीएसएनएल से सेवानिवृत्त कर्मचारी का बैतूल में निधन हुआ। वह इटारसी होते हुए महाकाल मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। गुरुवार को परिजनों ने यहां पहुंचकर उनका पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद उनका शव लेकर तमिलनाडु रवाना हुए। तिरुचिरापल्ली जिले के पिच्चाई कुप्पम (73) बीएसएनएल में डीजीएम पद से सेवानिवृत्त थे और अपने हमउम्र साथियों के 40 सदस्यीय दल के साथ धार्मिक यात्रा पर निकले थे। वह उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर इटारसी होते हुए तमिलनाडु लौट रहे थे। जब साथियों ने उन्हें नाश्ते के लिए उठाया, तो उन्होंने थोड़ी देर बाद नाश्ता करने को कहा। करीब दस बजे जब उन्हें दोबारा उठाया गया, तो उनकी पल्स बहुत धीमी चल रही थी। ट्रेन के बैतूल स्टेशन पहुंचने पर जीआरपी की मदद से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को परिजन और साथी बैतूल पहुंचे और पोस्टमार्टम कराया गया। बेटे प्रसन्ना ने बताया कि पिता को पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा। परिजन शव को अपने साथ ले गए हैं।

### पेपर बिगड़ने पर 12वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

**बैतूल।** 12वीं क्लास की एक छात्रा ने अंग्रेजी का पेपर खराब होने के बाद घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बुधवार शाम झल्लार के चिचोला ढाना में हुई। मृतका की पहचान 17 साल की अदिति वर्ती के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अदिति बुधवार शाम को अपना अंग्रेजी का पेपर देकर घर लौटी थी। घर पहुंचने के कुछ देर बाद ही उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अदिति प्राइवेट स्कूल में बायोलॉजी स्ट्रीम से 12वीं की परीक्षा दे रही थी। उसका परीक्षा केंद्र गर्ग कॉलोनी के एक स्कूल में था। बुधवार को उसका अंग्रेजी का पेपर था। परिजनों के मुताबिक, परीक्षा के बाद वो काफी उदास थी। कुछ दिन पहले से भी वो परिक्षा को लेकर चिंतित थी। उसे डर था कि रिश्तेदारों की बाकी लड़कियां पढ़ाई में उससे आगे निकल जाएंगी। झल्लार पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल में गुरुवार को छात्रा का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### रोजगार व अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**बैतूल।** मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला 13 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री सरदार विष्णु सिंह उईके शासकीय महाविद्यालय सारणी में आयोजित होगा। रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए जिला रोजगार अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई बैतूल को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### पंचायत कर्मियों ने की वेतन बढाने और नियमित की मांग

**बैतूल।** चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की वेतन बढ़ाने और उनको नियमित करने के लिए प्रदर्शन किया गया। आउटसोर्स, अस्थाई और अंशकालीन ग्राम पंचायत कर्मचारियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव पर कटाक्ष करते हुए भजन के रूप में गीत गाकर अपनी मांगें रखीं, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया।

### जमीन के आवंटन के लिए जिला प्रशासन को किया आवेदन

# अब जामठी में देखी बस स्टैंड और फायर स्टेशन के लिए नई जमीन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

नगरपालिका ने बैतूल-औबेदुल्लागंज फोरलेन पर ग्राम जामठी के पास बस स्टैंड और फायर स्टेशन के लिए करीब 10.50 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। बताया जा रहा है कि इस जमीन का नगरपालिका सीएमओ सतीश मटसेनिया, जिला उद्योग अधिकारी और पटवारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया है।

निरीक्षण के बाद अब नगरपालिका द्वारा जिला प्रशासन को जमीन आवंटन के लिए आवेदन किए जाने की तैयारी की जा रही है। दरअसल नगरपालिका ने खेड़ी रोड पर करबला के पास अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) और फायर स्टेशन के लिए जमीन चिन्हित की थी, लेकिन उस जमीन को लेकर मंदिर से जुड़े लोगों ने अपना दावा जताते हुए कमिश्नर न्यायालय नर्मदापुरम में आपत्ति दर्ज कराई थी। यह मामला अब कलेक्टर न्यायालय में लंबित है। जिसके कारण यह जमीन हाथ से निकलते दिख रही है। ऐसे में जमीन के चयन में देरी के कारण यह प्रोजेक्ट खटाई में पड़ सकते है। बताया जा रहा है कि करबला वाली जमीन को लेकर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण लंबित होने से नगरपालिका ने अब ग्राम जामठी के पास बस स्टैंड और फायर स्टेशन के लिए जमीन चिन्हित की है। यह जमीन बस स्टैंड और फायर स्टेशन दोनों के लिए उपयुक्त भी मानी गई है।

#### 5.50 एकड़ में बस स्टैंड और 5 एकड़ में होगा फायर स्टेशन

ग्राम जामठी के पास जो 10.50 एकड़ जमीन प्रशासन ने चिन्हित की है, उस पर 5.50 एकड़ में बस स्टैंड बनेगा और शेष 5 एकड़ में फायर स्टेशन बनाने की योजना है। टीएनसीपी के मास्टर प्लान में भी जामठी क्षेत्र के पास बस स्टैंड प्रस्तावित बताया जा रहा है। हालांकि यहां बनने वाला बस स्टैंड आईएसबीटी नहीं होगा, बल्कि शहर में वर्तमान में संचालित बस स्टैंड की तरह ही एक सामान्य बस स्टैंड रहेगा। इससे यह स्पष्ट है कि जिस आईएसबीटी की जरूरत शहर को लंबे समय से थी, वह अब जमीन विवाद और निर्णयहीनता के चलते पूरी तरह बाहर हो चुका है। जामठी में प्रस्तावित नया बस स्टैंड उस स्तर की सुविधाएं और क्षमता नहीं देगा, जिसकी कल्पना आईएसबीटी के रूप में की गई थी।

#### फायर स्टेशन को लेकर तस्वीर स्पष्ट नहीं

जामठी में बस स्टैंड के साथ-साथ फायर स्टेशन का भी निर्माण होना है। हालांकि फायर स्टेशन के मामले में भी तस्वीर ज्यादा स्पष्ट नहीं है। इसका निर्माण मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) भोपाल द्वारा किया जाना है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 2 करोड़ रुपए बताई गई थी। इसके लिए निविदाएं भी जारी हो चुकी थीं और टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई थी, लेकिन ऐन वक्त पर जमीन विवाद के कारण परियोजना ठप पड़ गई। बताया जा रहा है कि 10.50 एकड़ जमीन जामठी में देखी है, उसमें से 5 एकड़ जमीन फायर स्टेशन के लिए चिन्हित की है। जिस पर फायर स्टेशन कैसा बनेगा, अभी इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

#### फोरलेन के किनारे पहले भी जमीन का हो चुका चयन

जामठी क्षेत्र में फोरलेन किनारे बस स्टैंड के लिए जमीन चिन्हित की गई थी, लेकिन तब भी प्रोजेक्ट फाइलों से आगे नहीं बढ़ सका। जिसके बाद खेड़ी रोड करबला के पास 11 एकड़ जमीन आईएसबीटी और फायर स्टेशन के लिए चिन्हित की गई। इसके लिए निविदाएं भी जारी हो चुकी थीं और टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई थी, लेकिन ऐन वक्त पर जमीन विवाद के कारण परियोजना ठप पड़ गई। जिसके बाद अब जामठी में बस स्टैंड और फायर स्टेशन के लिए नई जमीन चिन्हित की गई है और जमीन आवंटन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

#### प्रक्रिया शुरू कर दी है

बस स्टैंड और फायर स्टेशन के लिए ग्राम जामठी के पास जमीन देखी है। जमीन आवंटन के लिए हमने प्रक्रिया शुरू कर दी है। जमीन नपा को हैंडओवर होने के बाद इन प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे।

**सतीश मटसेनिया,**
सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### लोहे की पाइप से किया था हमला

## व्यापारी पर हमले के दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल



गंज थाना पुलिस ने व्यापारी पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित था। यह घटना 3 दिसंबर 2025 को हुई थी। हाउसिंग बोर्ड गंज निवासी व्यापारी राहुल हिरानी पर शुभम उर्फ लाला साहू और उसके साथियों ने लोहे के पाइप से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले के मुख्य आरोपी शुभम उर्फ लाला साहू को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने फरार आरोपी अजय डहेरिया (28) निवासी ग्रीन सिटी और राजेश पंवार (27) निवासी सांईखेड़ा को पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। व्यापारी राहुल पर हुए इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में काफी नाराजगी देखी गई थी। इस गिरफ्तारी अभियान में निरीक्षक नीरज पाल, उपनिरीक्षक इरफान कुरैशी, प्रधान आरक्षक आशीष, मंतराम, सीताराम, नीलेश मीणा, आरक्षक गजानंद वाडिवा, नरेन्द्र, नवीन और सैनिक नितिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बैंक कर्मियों की हड़ताल



**बैतूल।** जिले भर में कई बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहे। बैंक कर्मियों ने गंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने अपना विरोध जताया और निजीकरण, पुरानी पेंशन बहाली जैसे अहम मुद्दों पर बैतूल बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल की। बैंक कर्मचारियों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा जो चार नए श्रमिक कानून लाया है उसे वापस लिया जाए, पुरानी पेंशन बहाल किया जाए निजीकरण एवं आउट सोर्सिंग बंद की जाए। मांगे नहीं मानने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ड़ताल में मध्यप्रदेश बैंक इंप्लाईज एसोसिएशन बैतूल इकाई के विभिन्न बैंकों से साथी हेमंत देशपांडे, स्वपनिल नागले, मुकेश मालवीय, अक्षय देशमुख, रवि कुमार, विजय बरडे आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण विकास को मिलेगा नया आयाम

## 3 करोड़ 16 लाख की लागत से बनेंगे 18 सामुदायिक भवन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलताई

मुलताई विधानसभा क्षेत्र के 18 सामुदायिक भवनों के लिए 3 करोड़ 16 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है यह स्वीकृति विधायक चंद्रशेखर देशमुख के प्रयासों से संभव हो सकी है।

यह पहल ग्रामीण अंचलों की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आवश्यकताओं को सशक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस योजना के अंतर्गत शिव धाम सालबर्डी में 24 लाख की लागत से विशेष सामुदायिक भवन का निर्माण प्रस्तावित है। वर्षों से कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा मेले व अन्य धार्मिक अवसरों पर ठहरने हेतु भवन की मांग की जा रही थी, जिसे विधायक श्री देशमुख जी ने संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया है।

भारतीय जनता पार्टी मंडल मुलताई के महामंत्री श्री राघवेंद्र रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिव धाम सालबर्डी के अतिरिक्त ग्राम डहुआ, साईखेड़ा खुर्द, चिचंडा, बिहरगांव, माथनी, पौनी, हिवरखेड़, एनखेड़ा, गौला, पिपरिया, बिहदा, दतोरा, बुआलखापा, सेमझिरा, मोहि, निरगुड़ एवं सोनोरा सहित कुल 18 स्थानों पर सामुदायिक भवन स्वीकृत किए गए हैं। 20 लाख की लागत से 8 सामुदायिक भवन सालबर्डी, चिचंडा, साईखेड़ा खुर्द, माथनी, पौनी, हिवरखेड़, एनखेड़ा, बिहरगांव, लगभग 15.50 लाख की लागत से 8 सामुदायिक भवन गौला, डहुआ, बिहदा, पिपरिया, दतोरा, सेमझिरा, बुआलखापा, मोही में बनेंगे।

### आकाशवाणी बैतूल में हुआ कार्यक्रम

## उन्नत कृषि व्याख्यान और संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम किसान वाणी के अंतर्गत गुरुवार 12 फरवरी को आकाशवाणी केंद्र परिसर बैतूल में रेडियो किसान दिवस के अवसर पर उन्नत कृषि व्याख्यान एवं संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के उच्च अधिकारी व बड़ी संख्या में उन्नत कृषक शामिल हुए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रमुख सचिन भागवत ने बताया कि दिनांक 12 फरवरी 2026 दिन गुरुवार को 12 बजे से आकाशवाणी केंद्र परिसर बैतूल में रेडियो किसान दिवस कार्यक्रम की शुरुआत ,मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम का स्वागत भाषण श्री ओ पी भूमरकर, सहायक अभियंता द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी प्रशान्त नारनवरे, प्रवीण चौरे, इंजिनियरिंग स्टाफ से संजय गुजरे, अशोक सोनारे, गिरीश कमल चौहान, कांता प्रसाद टिकारे, अनिल भूमरकर ने किया। उक्त कार्यक्रम में उपसंचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास बैतूल ने जहां किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी वहीं उपसंचालक उद्यानिकी बैतूल, उपसंचालक पशुपालन व डेयरी फार्मिंग बैतूल सहित समन्वयक ,कृषि विकास केंद्र बैतूल बाजार, और कृषि क्षेत्राधिकारी भारतीय स्टेट बैंक बैतूल ने अपने-अपने विभागों की योजनाएं कृषकों से साझा की ,साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों के मन में उठे प्रश्नों के जवाब देकर कृषकों की जिज्ञासा दूर की। कार्यक्रम का संचालन तथा समापन उद्घोषक योगेश्वर देशपांडे द्वारा किया गया।

## ब्रह्मकुमारीज आश्रम द्वारा निकाली भगवान शिव की झांकी व शोभायात्रा



**शाहपुर।** ब्रह्मकुमारीज आश्रम पतौवापुरा शाहपुर में सुनीता दीदी द्वारा मातृशक्तियों और वरिष्ठजनों के सहयोग से भगवान शिव की शोभायात्रा निकाल गई। भगवान शिव की झांकी तैयार कर, बैंड बाजों के साथ नगर के मंदिरों और वार्डों से होती हुई वापस ब्रह्माकुमारीज आश्रम पहुंची। यात्रा के दौरान सभी भक्त गणों ने जगह-जगह पर श्रद्धा अनुसार यात्रा में चल रहे भक्तों की सेवा फलाहार करके और जल सेवा द्वारा की। जगह-जगह पर शोभायात्रा में भगवान शिव का पूजन अर्चन भी किया गया। आरती की थाली सजाकर दीपक जलाकर पूजा अर्चना की गई। उसके बाद सभी ने भगवान शिव की पूजा अर्चना करके प्रसादी ग्रहण की।

### खनिज विभाग ने गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे 3 वाहनों को किया जब्त



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग ने 12 फरवरी को खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ बैतूलबाजार क्षेत्रांतर्गत मिलानपुर जोड़ के पास से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 1150 को जप्त कर पुलिस थाना बैतूल बाजार की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है, वहीं मुलताई क्षेत्रांतर्गत सांईखेड़ा जोड़ पर खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 48 जेडजी 6777 एवं एमपी 09 जेडवाय 8710 को जप्त कर पुलिस थाना सांईखेड़ा की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है।उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए कार्यवाही लगातार जारी है।



## शनि मंदिर गंज में हुई भगवान शिवजी की सगाई

**बैतूल।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात उत्सव सेवा समिति बैतूल गंज के तत्वाधान में बैतूल शहर में भगवान शिवजी की भव्य बरात निकाली जाएगी। धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत 11 फरवरी को सायं 4 बजे गंज स्थित शनि मंदिर में शिवजी की सगाई से हुई। 12 फरवरी को सायं 4 बजे खनमट्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया। 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे हल्दी की रस्म संपन्न होगी। 14 फरवरी को रात्रि 8 बजे मेहंदी एवं संगीत का भव्य आयोजन किया जाएगा। मुख्य आकर्षण 15 फरवरी रविवार को सायं 4 बजे रहेगा, जब शनि मंदिर गंज से भगवान शिवजी की भव्य बरात निकाली जाएगी। बरात गंज के काश्मीर चौक, श्री हनुमान चौक, बाबू चौक, नंदी चौक, दिलबहार चौक, गंज बस स्टैंड से मैकेनिक चौक होते हुए माता मंदिर पहुंचेगी। वहां से पुनः बस स्टैंड मार्ग से होते हुए शनि मंदिर पहुंचकर महाआरती के साथ समापन होगा। आयोजन में बड़ी संख्या में शिव भक्त महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल होंगे। आयोजन समिति ने जिले के समस्त शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शिव बरात में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## वार्ड 34-35 में शिविर का आयोजन

### अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से होगा शुरू



**सारनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत गुरूवार 12 फरवरी को वार्ड 30 एवं वार्ड 31 में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न योजनाओं के कई आवेदन आए। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को वार्ड 34 एवं वार्ड 35 में शिविर के समग्र शिविर का आयोजन वार्ड 35 में किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष एवं वार्ड 34 के पार्षद जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, वार्ड 35 की पार्षद सरिता वागद्रे, शिविर प्रभारी जीएस पांडे, राजेश बगाहे, गुरूदेव हाथिया, सुनील कसरादे उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इनका त्वरित निराकरण कराया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि शुक्रवार 13 फरवरी को वार्ड 36 में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद द्वितीय चरण में नगर के विभिन्न वार्डों में पुनः चरणबद्ध तरीके से शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ये शिविर 16 फरवरी से 15 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे।

## रेत से भरा डंपर शादी वाले घर पर पलटा, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल



बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के बोरिकास गांव में गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। रेत से भरा एक अनियंत्रित डंपर सडक़ किनारे बने मकान पर पलट गया। हादसे में घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि उस समय घर के अंदर मौजूद परिवार के सदस्यों को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

जानकारी के अनुसार, डंपर तेज रफ्तार में था और चालक ने अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। डंपर मकान की दीवार तोड़ते हुए भीतर तक जा घुसा और पलट गया। घटना के समय घर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और वे किसी तरह बाहर निकले। यह हादसा आनंद राव सरेआम के घर पर हुआ है। बताया जा रहा है कि 22 फरवरी को उनकी बेटी की शादी निर्धारित है। शादी की तैयारियों के बीच हुए इस हादसे से परिवार को बड़ा झटका लगा है। मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और एक बैलगाड़ी भी मलबे में दब गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। डंपर चालक करण विश्वकर्मा को भी चोटें आई हैं। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि डंपर भौरा से रेत लेकर गांव में ही बन रहे चेतराम निरापुरे के मकान की ओर जा रहा था। डंपर मालिक दिनेश मालवीय भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने डंपर को हटवाने की कार्रवाई शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### अश्लील हरकतें करने पर मामला दर्ज

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलताई

नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत मुलताई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 फरवरी 2026 को एक नाबालिग पीड़िता द्वारा थाना मुलताई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी गणेश यादव द्वारा उसे बार-बार पत्र देकर बातचीत के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी दी गई तथा बुरी नीयत से हाथ पकडक़र छेड़छाड़ की गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना मुलताई में अपराध क्रमांक 90/26 अंतर्गत धारा 74, 75(2), 78(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट एवं धारा 3(1)(2)(आई), 3(2)(वीए) अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम वंडली में घेराबंदी कर आरोपी गणेश पिता श्रीराम यादव, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम वंडली को गिरफ्तार किया। आरोपी को दिनांक 10 फरवरी 2026 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक राधेश्याम बट्टी (थाना प्रभारी बोरदेही), उपनिरीक्षक मोनिका पटले, उपनिरीक्षक रणधीर सिंह राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक श्याम मांडवी, प्रधान आरक्षक सोनू ठाकुर, आरक्षक प्रिंस, महिला आरक्षक मेघा एवं महिला आरक्षक छाया की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### नगर कांग्रेस अध्यक्ष बने सुनील, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**पचमढ़ी।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर और जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे की अनुशंसा से सुनील शुक्ला को पुनः पचमढ़ी नगर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी पुनर्नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। लंबे समय से संगठन में सक्रिय शुक्ला की निष्ठा और कार्यशैली को देखते हुए नेतृत्व ने उन पर दोबारा भरोसा जताया। वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश व जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। शुक्ला ने कहा कि वे सभी के मार्गदर्शन में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### मई 2026 से शुरू होगी पहली डिजिटल जनगणना

**नर्मदापुरम।** देश में जनगणना 2027 का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक आयोजित होगा, जबकि द्वितीय चरण फरवरी 2027 में संपन्न होगा। यह देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आंकड़े संकलित किए जाएंगे। नर्मदापुरम जिले में 16-17 फरवरी को अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। एकत्रित जानकारी जनगणना अधिनियम 1948 के तहत पूरी तरह गोपनीय रहेगी। किसी भी कर्मचारी द्वारा ओटीपी या बैंक विवरण नहीं मांगा जाएगा। यह स्वतंत्रता के बाद देश की आठवीं जनगणना होगी।

### नर्मदापुरम संभाग लगातार दूसरे वर्ष फाइनल में

**नर्मदापुरम।** अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी में गत वर्ष की विजेता नर्मदापुरम संभाग टीम लगातार दूसरे वर्ष फाइनल में पहुंच गई है। एमपीसीए ग्राउंड, नर्मदापुरम में खेले गए मुकाबले में उज्जैन संभाग को पहली पारी में 224 रनों की बढ़त के आधार पर 3 अंक अर्जित किए। मैच ड्रॉ रहा, जिसमें उज्जैन के अमन जैन ने 103 रन बनाए। नर्मदापुरम के आयुष मानकर और आदर्श दुबे ने 2-2 विकेट लिए।

---

कुछ ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए भी सांसद दर्शन सिंह ने दिया पत्र

# अमृत स्टेशन बनाने के लिए सांसद ने रखी केंद्रीय रेलमंत्री के समक्ष मांग

बोहानी को इंटरसिटी ट्रेन का स्टॉपेज मिलने और सोहागपुर को इससे वंचित रखने के मुद्दे ने क्षेत्र में सियासी हलचल तेज कर दी थी। अब इन चर्चाओं के बीच सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने केंद्रीय रेल मंत्री को मांग पत्र सौंपकर सोहागपुर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने की पहल की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पिछले दिनों बोहानी में इंटरसिटी ट्रेन स्टापेज मिलने, लेकिन सोहागपुर को ट्रेन स्टापेज ना मिलना जनचर्चा का बड़ा विषय बन गया था। विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरना शुरू कर दिया था कि जनप्रतिनिधि सोहागपुर की अनदेखी कर रहे हैं।

सभी जन चर्चाओं व आरोपों को विराम देते हुए क्षेत्रीय लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने गत दिवस केंद्रीय रेल मंत्री को दो मांग पत्र सौंपे हैं और कुछ दिनों से खामोश बैठे भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह आ गया है। कार्यकर्ता अब सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए हैं।

### कम से कम एक ट्रेन तो दें

होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र सौंपकर सोहागपुर स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। पत्र में सांसद ने उल्लेख किया है कि नर्मदापुरम जिले का सोहागपुर रेलवे स्टेशन बड़ी आबादी को रेल सुविधाएं देता है। लेकिन प्रमुख ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से आमजन, विद्यार्थी, व्यापारी, पर्यटक और मरीज कठिनाई भोगते हैं। अतः जबलपुर–इंदौर एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, दानापुर एक्सप्रेस, हावड़ा मेल, संघमित्रा एक्सप्रेस व गंगा कावेरी एक्सप्रेस में से कम से कम एक ट्रेन का शीघ्र ठहराव सुनिश्चित करें। अन्य उल्लेखित ट्रेनों के ठहराव पर भी सकारात्मक विचार किया जाए।

### बनाएं अमृत स्टेशन

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने पत्र क्रमांक 408 रेल मंत्री को सौंपा है। जिसके अनुसार सोहागपुर क्षेत्र में लघु उद्योग, कृषि, पर्यटन व धार्मिक गतिविधि विस्तार से यात्री संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। लेकिन रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा, आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, पेयजल, पार्किंग, दिव्यांगजन सुविधा, सौंदर्यीकरण आदि में व्यापक उन्नयन की आवश्यकता है। अतः प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई 'अमृत भारत स्टेशन योजना' अंतर्गत सोहागपुर रेलवे स्टेशन को भी सम्मिलित किया जाए। ताकि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के द्वार खुल सकें।

---

# आंदोलन की चेतावनी के बाद वार्ड पहुंचे नपाध्यक्ष और अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के वेंकटेश नगर और नरेंद्र नगर में पिछले 15 दिनों से जारी जल संकट का समाधान निकल आया है। जिस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका का घेराव और बड़ा आंदोलन होना था, वह जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौके पर मौजूदगी के बाद सुलझ गई। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे की मौजूदगी में नई पाइपलाइन और बोरवेल खनन पर सहमति बनी।

वार्ड नंबर 33 की पार्षद राजेश्वरी धूरिया के अनुसार, बोरवेल की केसिंग टूटने के कारण घरों में गंदा पानी आ रहा था, जिससे जलापूर्ति ठप हो गई थी। स्थानीय निवासी नीतू बाई, आरती यादव और नीति यादव ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि 15 दिनों से वे पानी के लिए तरस रहे थे। टैंकर तो कॉलोनी में आ रहे थे, लेकिन गलियों के भीतर नहीं पहुंच पा रहे थे, जिससे बुजुर्गों को पानी भरने में भारी परेशानी हो रही थी।

वार्डवासियों के निवेदन पर नपा अध्यक्ष पंकज चौरे और जल विभाग के अधिकारी रविंद्र जोशी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए।




### ये निकला समाधान

पास की अन्य लाइनों और ट्यूबवेलों को पुराने नेटवर्क से जोड़कर तत्काल सप्लाई शुरू की जाएगी। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने विधायक निधि से नए ट्यूबवेल के आदेश दिए हैं, जिसका काम जल्द शुरू होगा। अब टैंकर चालकों ने गलियों के भीतर जाकर बुजुर्गों के दरवाजे तक पानी पहुंचाना शुरू किया। समस्या का निराकरण होने पर वार्डवासियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान अमित गुप्ता, संजय धर, नेहा चावरे, आशीष परदेशी, पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान गजानन तिवारी ने त्वरित कार्रवाई के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

---

# खाद्य अधिकारी के नियमित सोहागपुर न आने से बाधित हुई प्रशासनिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय पर पदस्थ कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी जेएसओ अमित साहू सोहागपुर नियमित नहीं आते हैं। बताते हैं कि उनके पास माखन नगर जेएसओ का भी प्रभार है। लेकिन जेएसओ साहू अधिकतर नर्मदापुरम् व माखन नगर में रहते हैं तथा मूल पदस्थापना ब्लॉक अर्थात सोहागपुर कार्यालय बहुत कम आते हैं। जिससे विविध प्रशासनिक एवं खाद्य विभाग की गतिविधियां प्रभावित होती हैं।

लंबे अरसे से अधिकारियों की साहू पर नज़र भी है। वहीं साहू के सोहागपुर बहुत कम आने की शिकायत भी एसडीएम प्रियंका भल्लावी को गुरुवार को जनता ने की है।



### रोस्टर बनाओ और भेजो

मामले में जन शिकायत के बाद एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने गुरुवार दोपहर जेएसओ अमित साहू को फोन लगाकर पूछा कि आदर्श भारत गैस एजेंसी शोभापुर के सोहागपुर सीएससी पर पकड़े गए सिलेंडर्स के मामले में कार्रवाई की स्थिति क्या है। साथ ही उन्होंने साहू से कहा कि उनके सोहागपुर बहुत कम आने से नागरिक परेशान होते हैं तथा विभागीय काम प्रभावित होते हैं। अतः वे अपना सोहागपुर व प्रभार क्षेत्र के कार्यालय का रोस्टर बनाएं। तथा रोस्टर हर हाल में गुरुवार शाम तक एसडीएम को भेजें। एसडीएम ने जेएसओ साहू के सोहागपुर कम आने पर रोष जताया व कहा कि ऐसे काम नहीं चलेगा।

---

### महाशिवरात्रि मेला 15 फरवरी से

**माखननगर।** प्रतिवर्ष अनुसार महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर परिषद द्वारा 15 फरवरी से 22 फरवरी तक महाशिवरात्रि मेले का आयोजन किया जा रहा है मेले का शुभारंभ महाशिवरात्रि पर पूजन अभिषेक से होगा यह मेला कला प्रदर्शनी सांस्कृतिक कार्यक्रम खेलकूद एवं व्यापार का समग्र आयोजन है नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी ने बताया महाशिवरात्रि मेले का यह 77वां वर्ष है मेले को भव्यता एवं सुचारु संचालन के लिए मेला समिति का गठन किया गया है। जिसमें पार्षद रुक्मणी साहू को मेला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है सभी पार्षदों को भी अलग-अलग दायित्व दिए गए हैं मेले में जनता के मनोरंजन के लिए विशेष आकर्षण बड़ा झूला ड्रैगन ट्रेन ब्रेक डांस नाव वनसी सीन वन बच्चों की चकरी कटर पिलर मिकी माउस काला जादू आदि रहेंगे।

---

# महाशिवरात्रि मेला को सर्व सुलभ बनाने के प्रशासनिक प्रयास जारी, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में महा शिवरात्रि मेले को जनता के लिये सुविधाजनक बनाने के लिये गुरुवार को नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा व उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने मेला परिसर का निरीक्षण किया है। चर्चा में सीएमओ शर्मा ने बताया कि मेले में लगभग 200 दुकानें लगेंगीं, अतः दुकानों के साइज व साइज अनुसार दर निर्धारण भी किया गया है। दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे दुकानें लगाने के पहले साइज अनुसार तय किराया राशि नगर परिषद कार्यालय में जमा करें। इस दौरान नप राजस्व निरीक्षक संजय परसाई, एचएल परते व अन्य नपकर्मी उपस्थित थे।



### बाइक्स पर जुर्माना

सीएमओ को मौके पर उपस्थित नागरिकों ने बताया कि कई युवा मेले में बाइक लेकर आते हैं तथा इससे असामाजिक घटनाओं की आशंका बढ़ती है। शरारती तत्व महिलाओं व युवतियों के समीप बाइक लेकर मंडराते हैं। इसके बाद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि पुलिस विभाग को पत्र लिखा जाएगा कि मेले में प्रवेश के सभी द्वारों पर पुलिसकर्मी तैनात करें। सीएमओ ने नप आरआई संजय परसाई को मेला परिसर में बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। जिनमें उल्लेख होगा कि यदि कोई भी बाइक से मेले में घूमता मिलेगा तो जुर्माना कार्रवाई की जाएगी एवं बाइक सहित बाइकर को पुलिस को सौंपा जाएगा।

---

# मुस्लिम रिवाज से निकाह हुए, यही भारत की संस्कृतिः विधायक विजयपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

गुरुवार को अल्वी बाबा जन कल्याण समिति ने ग्राम प्रेमतला में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जिसमें 33 जोड़े दांपत्य जीवन में बंधे हिंदू युवक युवतियों के विवाह पूरे विधि विधान से गायत्री परिवार द्वारा संपन्न कराए गए वहीं मुस्लिम युवक युवतियों को विवाह मौलवी ने मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न कराये गए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह ने आयोजक समिति अल्बी बाबा जनकल्याण समिति के जहांगीर खान एवं सदस्यों को इस सामूहिक विवाह के आयोजन को करने के लिए प्रशंसा की और कहा एक ही पंडाल में हिंदू युवक युवती के विवाह पूरे हिंदू रीति रिवाज से संपन्न कराए गए वहीं इसी पंडाल में मुस्लिम युवक युवती का निकाह मौलवी द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज से कराए गए यह भारत की अनेकता में एकता देखने को मिलती है और यही भारत की संस्कृति है कार्यक्रम में पूर्व विधायक सविता दीवान ने अपने उद्बोधन में आयोजकों को धन्यवाद देते हुए नव दंपति को आशीर्वाद दिया। समिति की ओर से सभी अतिथियों का साफा बांधकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव ग्राम पंचायत के सरपंच अनिल साधराम, विशाल मालवीय, मुकेश यादव, जगदीश यादव, लालता प्रसाद साहू, पार्षद विशाल संकुल, सिल्लू मालवीय, समाजसेवी दीपक वर्मा, मुकेश मालवी, डॉ वीरेंद्र मालवीय, दिनेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, विपिन यादव वर-वधू के रिश्तेदार पत्रकारगण क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।





---

# मानसिक स्वास्थ्य पर मंथन, 250 विद्यार्थियों ने सीखा तनाव से लड़ना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को समर्पित शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक विशेष संवाद कार्यक्रम 'मैं अकेला नहीं हूं' का आयोजन किया। महाविद्यालय स्तरीय टास्क फोर्स ने कार्यक्रम में प्रोफेसरों ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उन्हें मानसिक सुदृढ़ता और अवसाद से बचने गुर सिखाए। प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता के निर्देशन और उच्च शिक्षा विभाग के कैलेंडर के अनुसार आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. रश्मि तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट और शासन के निर्देशानुसार गठित यह टास्क फोर्स विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया कि कॉलेज में शिक्षक अभिभावक, आंतरिक शिकायत निवारण समिति और एंटी रैगिंग सेल जैसी व्यवस्थाएं हैं, जहां उनकी पहचान उजागर किए बिना समस्याओं का समाधान किया जाता है?

### लालच और अवसाद से बचें

डॉ. अरविंद कुमार प्रभारी, टास्क फोर्स ने लालच को अवसाद का मूल कारण बताया। तकनीकी रूप से परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा कि यदि 15 दिन या उससे अधिक समय तक मानसिक परेशानी और असामान्य व्यवहार बना रहे, तो यह अवसाद की श्रेणी में आता है। डॉ. सुशन मनोहर प्रभारी, आनंदम ने नियमित कॉलेज आने और साथियों से संवाद करने की सलाह दी, जिससे समस्याएं गंभीर रूप धारण नहीं कर पातीं। डॉ. सोनू चौरे ने विद्यार्थियों को किसी भी अप्रिय अनुभव को प्रोफेसरों के साथ निर्भीक होकर साझा करने का विश्वास दिलाया। डॉ. सुशीला वरवड़े ने सामाजिक संबंधों के जाल को मानसिक तनाव दूर करने का सशक्त माध्यम बताया।



### ऑनलाइन गेम व डिजिटल फ्रॉड पर चर्चा

संचालन कर रहे डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने टास्क फोर्स और आनंदम प्रकोष्ठ को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने वर्तमान दौर की गंभीर चुनौतियों, जैसे ऑनलाइन गेम और डिजिटल फ्रॉड, को भी मानसिक अवसाद के प्रमुख कारणों के रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. एमवी कनकराज, डॉ. विनोद कुमार कृष्ण, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. बसा सत्यनारायण, डॉ. दिनेश कुमार, अमित दीक्षित, डॉ. दुर्गेश लास्गारिया और तकनीकी सहायक कार्तिकेय पटेल उपस्थित रहे। इस सार्थक संवाद में लगभग 250 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

---

# पशुपतिनाथ मंदिर में गूंजा 'हर-हर महादेव', भक्ति भाव से हुआ शिव-पार्वती विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में जारी भव्य शिव महापुराण कथा के चौथे दिन शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग श्रद्धा और उल्लास के साथ सुनाया गया। कथावाचक देवी रत्नमणि द्विवेदी ने शिव विवाह की व्याख्या करते हुए कहा कि यह केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि असीम चेतना (शिव) और दिव्य ऊर्जा (शक्ति) के मिलन का उत्सव है।

### शिव विवाह के गूढ़ अर्थ

देवी जी ने कहा कि शिव परम वैरागी हैं, जिन्हें माता पार्वती ने अपनी भक्ति से गृहस्थ जीवन की ओर मोड़ा। यह दर्शाता है कि साधना और परिवार में कोई विरोधाभास नहीं है। माता पार्वती की कठोर तपस्या सिखाती है कि ईश्वर की प्राप्ति बाहरी दिखावे से नहीं, बल्कि आंतरिक दृढ़ता से होती है। शिव की बारात में



भूत-प्रेतों की उपस्थिति और पार्वती द्वारा उन्हें स्वीकार करना यह संदेश देता है कि आध्यात्मिक जगत में बाहरी रूप-रंग का कोई महत्व नहीं है, केवल आत्मा का सौंदर्य महत्वपूर्ण है। कथा के दौरान जब शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग आया, तो श्रद्धालु झूम उठे। कार्यक्रम के आयोजक मेहरबान चौहान ने बताया कि 108 फीट ऊंची शिव प्रतिमा की छाया में चल रही इस कथा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। विवाह के उपलक्ष्य में मंदिर समिति द्वारा विशेष सजावट की गई और भगवान शिव व माता पार्वती की भव्य आरती उतारी गई।

---

सोहागपुर में हरगोविंद पुर्विया द्वारा निर्मित मंदिर में आयोजित महायज्ञ

# करनपुर में भव्य देवालय उद्घाटन, जगद्गुरु शंकराचार्य का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के ग्राम करनपुर में समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया द्वारा निर्मित भव्य मंदिर में देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन पांच से 11 फरवरी तक किया गया।

इसमें श्रीमद्भागवत कथा एवं महायज्ञ आयोजन भी किये गए। मंदिर में श्री शिव परिवार, श्री राम दरबार एवं शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि मंदिर परिसर में नर्मदा परिक्रमावासियों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई है।



### दिए आशीषवचन

आयोजन में द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती भी सम्मिलित हुए। करनपुर में हुई धर्मसभा में जगतगुरु शंकराचार्य ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथामृत का रसपान कराया। अपने प्रवचन में उन्होंने गुरु महिमा, ज्ञान गंगा और धर्म के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। इससे पहले गत दिनों जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती सोहागपुर पहुंचे। जहां नर्मदापुरम् मार्ग स्थित शिवालय परिसर से ग्राम करनपुर तक भव्य चल समारोह निकाला गया।

### पिता व गुरु बने प्रेरक

हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि उन्हें जनहितकारी तथा धार्मिक आयोजनों की प्रेरणा अपने पिता और गुरु से मिली है। वे अब तक पांच बार नर्मदा परिक्रमा कर चुके हैं और आगे भी परिक्रमा करने की इच्छा रखते हैं। तीन वर्ष पहले उन्होंने ग्राम करनपुर में पं. सोमेश परसाई के सानिध्य में सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण जैसा आयोजन किया था। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खुशहाली व सद्भावना स्थाप्य के लिये देवालय का निर्माण कराया है, ताकि मंदिर धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बन सके। आयोजन में पं. पवन शास्त्री पोसेरा ने श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया। जबकि महायज्ञ का संचालन पं. सनत कुमार उपाध्याय शारदापीठ द्वारिका पीठ द्वारा किया गया।

---

# संसाधनों के अभाव के कारण कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे : देवी रत्नमणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदा भक्ति पंथ परिवार की अध्यक्ष एवं प्रखर समाज सोशल वेलफेयर सोसाइटी की प्रमुख, प्रख्यात राष्ट्रीय कथाकार व वरिष्ठ समाजसेविका देवी रत्नमणि द्विवेदी ने शिक्षा की अलख जगाते हुए एक सराहनीय पहल की। उन्होंने एसएसडीएसएम माध्यमिक विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रोत्साहन हेतु शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया।

### संस्कारों के बिना अधूरी है शिक्षा

इस अवसर पर देवी रत्नमणि ने बच्चों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। आज के दौर में बच्चों को नैतिक शिक्षा और संस्कारों से जोडन्ना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे एक बेहतर नागरिक बन सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज का यह दायित्व है कि संसाधनों की



कमी किसी भी प्रतिभावान बच्चे के भविष्य की बाधा न बने। उल्लेखनीय है कि देवी रत्नमणि द्विवेदी के सानिध्य में प्रखर समाज सोशल वेलफेयर सोसाइटी पिछले 10 वर्षों से निरंतर इस दिशा में कार्य कर रही है। संस्था अब तक हजारों जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, पेन और अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी पढ़ाई जारी रखने में मदद कर चुकी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की ओर से मेधावी बच्चों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ के साथ पशुपतिनाथ समिति इटारसी के अध्यक्ष मेहरबान चौहान, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बावरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### युवा संगम में 164 युवाओं का प्राथमिक चयन

**हरदा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय आई टी आई हरदा में गुरूवार को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेंले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में 5 कंपनियों ने भाग लेकर कुल 164 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया। मेले में कुल 210 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया। युवा संगम में काउंसलर ज्योति तिवारी ने 35 बालक बालिकाओं की काउंसलिंग भी की। मेले में 36 आवेदकों का अप्रेंटिसशिप हेतु चयन किया गया।

### छापामार कार्रवाई, जब्त किए गए 5 घरेलू गैस सिलेंडर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि जांच के दौरान कुबेरेश्वर धाम स्थित 3 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गई।

### महाशिवरात्रि पर 25 क्विंटल फलाहारी खिचड़ी का वितरण होगा



**सीहोर।** 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमीता अरोरा द्वारा नगर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में 25 क्विंटल खिचड़ी एवं मट्ठे का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं, भक्तों के लिए मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर भक्त खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करें। उन्होंने बताया कि सीहोर के कुबेरेश्वर धाम पर भी भव्य रूद्राक्ष महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए लाखों लोग सीहोर पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अरोरा परिवार एवं अरोरा मित्र मंडल द्वारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### कमिश्नर, कलेक्टर ने टेल क्षेत्र में सिंचाई जल की उपलब्धता देखी

# नयापुरा में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कमिश्नर केजी तिवारी एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिले के राताताई में एचबीसी मेन केनाल तथा डुमलाय बेसवा के बीच में नहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को टेल क्षेत्र में सिंचाई जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। यहां किसानों से चर्चा करते हुए कमिश्नर ने नरवाई नहीं जलाने की समझाइश दी।

उन्होंने क्षेत्र में बिजली की उपलब्धता की स्थिति भी किसानों से जानी। ग्राम नयापुरा में कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा) अंतर्गत प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती पर आधारित किसान संगोष्ठी में किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। यहां उन्होने राय जैव संसाधन केन्द्र का भी अवलोकन किया तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आम का पौधा रोपा। ग्राम राताताई में कमिश्नर एवं कलेक्टर ने कस्टम हायरिंग सेंटर का निरीक्षण किया एवं इस केन्द्र से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने केन्द्र का प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिये।

ग्राम पोखरनी में पशु चिकित्सा विभाग के अंतर्गत एम्ब्रियो ट्रांसफर टेक्नॉलॉजी एवं सेक्स सार्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान से लाभान्वित हो रहे पशुपालकों से भी कमिश्नर द्वारा चर्चा की गई एवं दुधारू पशुओं का अवलोकन किया गया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अमरूद का पौधा रोपा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पंचायतों में पहुंचा किसान रथ किसानों को जागरूक किया

**रहटगांव।** टिमरनी विकासखंड की पंचायतों में कृषि रथ का संचालन किया गया। जिसमें नरवाई प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी एवं मृदा नमूना लेने की जानकारी, ई टोकन के माध्यम से खाद वितरण प्रशिक्षण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर कृषकों परिवर्तित करना, विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना, तात्कालिक फसल



का निरीक्षण कर वर्तमान में फसल पर आ रही समस्याओं का निदान और विभागीय योजना में कृषि यंत्र प्राप्त करने की विधि एवं अनुदान की जानकारी दी गई। जिले की प्रत्येक पंचायत में कृषि रथ के माध्यम से कृषकों को जानकारी प्रदान की जा रही। इसका आलमपुर में समापन किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र हरदा के डॉ ओम प्रकाश भारती पौध संरक्षण वैज्ञानिक द्वारा किसानों को जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं तात्कालिक फसल की समस्या से अवगत करा कर निदान बताए। कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी अजय परते एवं राहुल चौहान द्वारा विभागीय योजनाओं, सिंचाई यंत्र, ट्रैक्टर चलित कृषि यंत्र। नरवाई प्रबंधन की जानकारी प्रदाय की आज उक्त रथ को टिमरनी विकासखंड की सिरकांबा, सोडलपुर एवं आलमपुर पंचायत में भ्रमण कराया गया। डॉ शिवनारायण चाचरे, सचिव आर के तिरोले ,ग्राम रोजगार सहायक संजीव देवड़ा,अनिल गुर्जर, एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

### 27 जनवरी की घटना को लेकर धरना दिया

# छात्रा के साथ कथित बलात्कार व हत्या के बाद शव को कुएं में फेंक दिया था: डोडियार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

ग्राम आभापुरी में मिटावल से 27 जनवरी को कक्षा दसवीं की छात्रा रक्षा पिता राजू जोहारे का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने के बाद पुलिस की असफलता के बाद गुरुवार को आक्रोशित लोगों ने धरना दिया। वहां पुलिस से चर्चा के बाद सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार के नेतृत्व में ग्रामीण जन पैदल ही खरगोन की ओर कूच कर गए। विधायक डोडियार सहित विभिन्न संगठनों के लोग पुलिस पर मामले को दबाने और आरोपियों का पता नहीं लगाने से आक्रोशित हैं।

उन्होंने थाना प्रभारी और पूर्व जांच अधिकारी को तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित करने और एसआईटी से जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि छात्रा के साथ कथित बलात्कार और हत्या करने के बाद शव को कुएं में फेंक दिया गया था। जिसका शव उक्त गांव के समीप ही एक कुएं में बरामद हुआ था। लेकिन लंबे समय बाद भी आरोपियों का पता लगाने में पुलिस असफल रही है। उन्होंने पुलिस पर कथित अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और साक्ष्य नष्ट करके मामले को दबाया जा रहा है। धरना पर स्थल पर एसडीओ पुलिस भीकनगांव राकेश आर्य और थाना प्रभारी सेमलिया गहलोत ने आकर पुलिस का पक्ष रखा। लेकिन आंदोलनकारी संतुष्ट नहीं हुए।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच अधिकारी एएसआई लखमेसिंह सोलंकी ने की थी। उन्हें जांच से हटा दिया गया है और थाना प्रभारी स्वयं जांच कर रहे हैं। लेकिन आंदोलनकारी इससे संतुष्ट नहीं हुए और खरगोन की ओर पैदल ही कूच कर गए। वे मारूगढ़ चैनपुर, आभापुरी शिवना गोराडिया और भीकनगांव होते हुए खरगोन पहुंचेंगे। वहां वे कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मिलेंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांग नहीं माने जाने तक वह अनिश्चितकालीन आदोलन करेंगे।

# जिले में खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन के विरूद्ध रोकथाम की कार्यवाही लगातार जारी है। जिला खनिज अधिकारी प्रगति सोनवाने ने बुधवार को खनिज के अवैध परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान तहसील सिराली के ग्राम महेन्द्रगांव में जांच के दौरान डम्पर क्रमांक एमपी 47 जेडसी 6777 खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुये पाया गया। वाहन को चालक दीपक काजले पिता राम अवतार से जप्त कर पुलिस थाना सिविल लाईन हरदा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। इसी प्रकार ट्रेक्टर-ट्रॉली पॉवर ट्रेक नीला रंग माचक नदी महेन्द्रगांव से रेत/बजरी का खनन करते हुये पाई गई। वाहन ट्रेक्टर-ट्रॉली पॉवर ट्रेक नीला रंग को वाहन चालक विकास परते पिता बल्लू परते नि. खुटवाला, तहसील सिराली से जप्त कर पुलिस थाना सिराली में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। इसी प्रकार 9 फरवरी को की गई कार्यवाही में हंडिया हरदा मार्ग फोरलेन, अबगांव कलाँ तहसील हंडिया पर जांच के दौरान डम्पर क्रमांक एमपी 10 एच 0816 अवैध परिवहन करते हुये पाया गया। बिना रॉयल्टी खनिज गिट्टी डम्पर को मौके से जप्त कर पुलिस थाना हंडिया में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। प्रकरणों में अवैध परिवहन का प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रेषित किये जायेंगे। प्रकरण में नियम 2022 के प्रावधान के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी।

## वृद्धजनों व आमजनों के लिए लगाए जा रहे विशेष शिविर

**हरदा।** जिले के वृद्धजनों व वरिष्ठ नागरिकों के लिये हरदा के वृद्धाश्रम में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि गुरूवार को आयोजित शिविर में वृद्ध एवं वरिष्ठ जनों के स्वास्थ परीक्षण, योग अभ्यास एवं शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ पर ख्याल आदि कार्यक्रम के लिए शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष विभाग हरदा से उपस्थित डॉ मिनाक्षी के द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा वृद्धजनों को आने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का परीक्षण कर उपचार किया गया। इस दौरान आवश्यकतानुसार वृद्धजनों को ओषधी प्रदाय की गई। उप संचालकसिंह ने बताया कि 13, 19. 20, 26 व 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिये शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होने जिले के सभी सामान्य वृद्धजन एवं आम नागरिकों से आग्रह किया है कि सभी शिविरों में उपस्थित होकर स्वास्थ सेवाओं का लाभ लें।

# 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव तीसरे दिन नहर से बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।



जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह नहर में बहे 60 वर्षीय बुजुर्ग का शव तीसरे दिन बरामद कर लिया गया है। एसडीईआरएफ की टीम ने गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे घटनास्थल से 23 किलोमीटर दूर ग्राम फुलड़ी के पास नहर से शव को बाहर निकाला। मृतक रेवाराम पिता घासीराम उन्द्राकच्छ के रहने वाले थे और अपनी भैंस को बचाने के प्रयास में नहर में बह गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए टिमरनी अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार, ग्राम उन्द्राकच्छ निवासी रेवाराम नाथ मंगलवार सुबह अपने मवेशी चराने गए थे। इसी दौरान उनकी एक भैंस नहर के तेज बहाव में फंस गई। भैंस को बचाने की कोशिश में रेवाराम का पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। घटना की जानकारी रेवाराम के भांजे अभिषेक ने तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर टेमागांव चौकी पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की। मंगलवार शाम तक करीब दस किलोमीटर के दायरे में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन बुजुर्ग का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद बुधवार को टीम ने नहर में करीब 20 किलोमीटर तक सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह तीसरे दिन फिर से टीम ने रेस्क्यू शुरू किया। दोपहर करीब डेढ़ बजे रेवाराम का शव ग्राम फुलड़ी के पास नहर में मिला।

### तीन दिन से लापता बुजुर्ग का शव बड़ी नहर में मिला

**हरदा।** हंडिया में गुरवार दोपहर करीब बारह बजे ग्राम देवास के पास एक बड़ी नहर में तीन दिन से लापता बुजुर्ग का शव मिला। इसकी सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला और शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में फोटो भेजी, जिसके बाद परिजनों को लापता बुजुर्ग की मौत की जानकारी मिली। मृतक की पहचान मुलताई तहसील में बराई गांव के रहने वाले नारायण सिंह रघुवंशी (69 साल) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतक के दो बेटे और एक बेटी है, दोनों बेटे भारतीय सेना में हैं। एएसआई विनोद रघुवंशी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने 9 फरवरी को मुलताई थाने में उनकी गुमशुदगी की दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार, अब तक ये स्पष्ट नहीं है कि बुजुर्ग अपने गांव से इटारसी के पास पथरौटा कैसे पहुंचा और नहर में कैसे डूबा। मामले में हंडिया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# जमना जैसानी फाउंडेशन ने करताना गोदड़ी नयागांव रोड को लेकर ज्ञापन दिया, सड़क निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा





जमना जैसानी फाउंडेशन द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबंधक डी के त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर करताना से गोदड़ी एवं नयागांव तक की जर्जर सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग की गई। फाउंडेशन के सदस्य शांति कुमार जैसानी ने बताया कि करताना से गोदड़ी और नयागांव को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह से खराब हो चुकी है। इस मार्ग से भारी वाहन भी लगातार गुजरते हैं तथा यह सड़क शिवपुर को भी जोड़ती है, जिससे क्षेत्रीय आवागमन पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि सड़क पर बने दो रपटों को पुलिया में परिवर्तित किया जाए, ताकि बारिश के मौसम में आवागमन बाधित न हो और ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में महाप्रबंधक डी के त्रिपाठी ने जानकारी दी कि सड़क का सर्वे करवाकर पूर्ण एस्टिमेट सहित रिपोर्ट भोपाल भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सड़क लगभग 11 फीट चौड़ी बनाई जाएगी तथा साइड पट्टी भी भरी जाएगी। एस्टिमेट स्वीकृत होने के बाद प्रस्ताव पारित कर शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# जिला प्रशासन की घर पहुंच सेवा वरदान सिद्ध हुई, दिव्यांग विशाल को मिली व्हील चेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।



जिला प्रशासन की घर पहुँच सेवा दिव्यांगजनों के लिये वरदान सिद्ध हो रही है। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र हरदा द्वारा घर पहुंच सेवा के तहत प्रत्येक माह एक से दो दिव्यांग जनों को उनके घर जाकर लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिव्यांग विशाल आडवाणी पिता ठाकुरलाल आडवाणी निवासी वार्ड न.18 सिंधी कॉलोनी जिला हरदा के दस्तावेज परीक्षण के बाद व्हील चेयर प्रदान की गई एवं उनके पुनर्वास हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से प्रशासनिक अधिकारी, साइकोलॉजिस्ट, सीनियर फिजियोथैरेपीस्ट, पी.एंड ओ. टेक्नीशियन, वोकेशनल काउंसलर एवं विशेष शिक्षक उपस्थित रहे।

### शासकीय माध्यमिक शाला कोडिय़ाछीतू की सराहनीय पहल

# परीक्षा पूर्व विद्यार्थियों को मिली शैक्षणिक सामग्री शाला प्रभारी ने छात्रों को दिया प्रेरक मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शासकीय माध्यमिक शाला कोडिय़ाछीतू में आगामी वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन एवं विद्यार्थियों की बेहतर तैयारी को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व पेन, कॉपी एवं अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा की गई इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना रहा कि कोई भी विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में अपनी तैयारी में पीछे न रह जाए तथा सभी विद्यार्थी समान अवसर के साथ परीक्षा में सम्मिलित हो सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करते हुए किया गया। शाला प्रभारी श्री संजय सक्सेना ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए परीक्षा पर विस्तृत एवं मार्गदर्शक चर्चा की। उन्होंने परीक्षा की तैयारी की सही रणनीति, समय का समुचित प्रबंधन, विषयवार पुनरावृत्ति, लिखित अभ्यास की आवश्यकता तथा मॉडल प्रश्नपत्र हल करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

श्री सक्सेना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, जो हमारे परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास की परीक्षा लेती है।

# 1 से 30 मई और फिर 2027 में होगा काम, नागरिक खुद भर सकेंगे जानकारी





**सीहोर।** नगर में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस जनगणना का कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा और यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी। जनगणना का पहला चरण, जिसमें मकान सूचीकरण का कार्य शामिल है, 1 मई से 30 मई तक चलेगा।

दूसरा चरण फरवरी 2027 में संपन्न होगा। इस बार जनगणना में स्व-गणना पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संकलित किया जाएगा। सीहोर जिले की जनगणना प्रभारी यशस्वी ने प्रक्रिया की जानकारी दी। नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। जनगणना अधिकारियों द्वारा मकान सूचीकरण के दौरान नागरिकों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। इन बिंदुओं में भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, मकान की दीवार, छत और फर्श में प्रयुक्त सामग्री, तथा मकान के उपयोग और स्थिति से संबंधित जानकारी शामिल है।